संक्षिप्त

आम सभा आयोजित

निवाई। जिला सहकारी कर्मचारी संगठन की आम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से शिवचरण शर्मा को आगामी तीन वर्षों के कार्यकाल के लिए दूसरी बार जिलाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष शिवचरण शर्मा ने नवीन जिला कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए जिला सदस्य के रूप में टोंक शाखा से बृजमोहन गुर्जर व मुश्ताक खान, निवाई शाखा से भैरूलाल खंगार, शिवराज माली व कमल मीणा, उनियारा शाखा से बद्रीलाल गुर्जर, हंसराज गुर्जर व द्वारकाप्रसाद गोस्वामी को शामिल किया है। इसी प्रकार पीपलू शाखा से राजेश यादव व शंकर लाल शर्मा, मालपुरा शाखा से भंवरलाल जाट, सुनिल कुमार शर्मा व रामजीलाल साहू, टोडारायसिंह शाखा से मुकेश जाट व मदनलाल धाकड़, देवली शाखा से महावीर सैनी व भरत कुमार वैष्णव तथा दूनी शाखा से शंकरलाल गुर्जर एवं ओमप्रकाश नागर को मनोनीत किया है। जिनको पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। बैठक में संगठन के आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत करने के साथ ही महत्वपूर्ण मुददों पर चर्चा की गई।

जांगिड़ ब्राह्मण महासभा की बैठक 4 को

निवाई। अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा की तहसील सभा निवाई की साधारण सभा 4 अप्रेल को श्री विश्वकर्मा मंदिर में तहसील अध्यक्ष कन्हैयालाल जांगिड़ सिरस की अध्यक्षता में आयोजित होगी। कार्यकारी अध्यक्ष कैलाश चैनपुरा ने बताया कि बैठक में विगत 3 वर्ष के कार्यकाल का आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत कर नवनियुक्त पदाधिकारियों को कार्यभार संभलवाया जाएगा। साथ ही सामाजिक गतिविधियों पर विचार विमर्श किया जाएगा।

केडी बैरवा महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष मनोनीत

मनोहरपूर । अंबेडकरवादी सामाजिक कार्यकर्ता केडी बैरवा को राजस्थान प्रदेश राष्ट्रीय अनुसूचित जाति जनजाति विकास परिषद राजस्थान की महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष मनोनीत किया गया राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण मगरिया की सहमति से राजस्थान प्रदेश राष्ट्रीय अनुसूचित जाति जनजाति विकास परिषद के अध्यक्ष जगदीश मीणा ने जयपुर निवासी सामाजिक कार्यकर्ता केडी बैरवा को वीरों की धरती राजस्थान की संगठन की महिला प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया है इस नियुक्ति पर राजस्थान के समस्त दलित पिछड़े एवं अंबेडकरवादी समाज ने जगदीश मीणा प्रदेश अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण मागरिया का आभार व्यक्त किया है एवं केडी बेरवा महिला प्रदेश अध्यक्ष को बधाइयां दी है यह जानकारी देते हुए प्रदेश महामंत्री देवीलाल बैरवा ने बताया कि नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष केडी बेरवा एक माह में प्रदेश की कार्यकारिणी एवं जिला अध्यक्षों का मनोनयन करके प्रदेश को रिपोर्ट करेगी।

अवैध खनन रोकने के लिए खोदी खाईयां

टोंक। शहर के पास स्थित बक्का बंधा वनखंड क्षेत्र में लंबे समय से चल रहे अवैध खनन पर वन विभाग ने कार्यवाही करते हुए एक दर्जन से अधिक रास्तों को खाइयां खोदकर बंद कर दिया, कार्यवाही में जेसीबी मशीन की मदद से खनन और परिवहन के रास्ते रोक दिए गए हैं। वन विभाग ने बताया कि पक्का बंधा वनखंड क्षेत्र में लंबे समय से अवैध खनन की शिकायतें मिल रही थीं, इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए वन विभाग ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की हैं। इस दौरान टीम ने जेसीबी की मदद से करीब एक दर्जन अवैध रास्तों को खाइयां खोदकर बंद कर दिया, जिससे खनन सामग्री के परिवहन पर पूरी तरह रोक लगाई जा सके। अभियान के दौरान सहायक वन संरक्षक अनुराग महर्षि भी मौके पर मौजूद रहे। और पूरी कार्रवाई की निगरानी की। इस अभियान में बीसलपुर कंजर्वेशन रिजर्व और टोंक रेंज का वन स्टाफ भी शामिल रहा, जिसने संयुक्त रूप से कार्रवाई को अंजाम दिया।

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

'सपनों को पूरा करने के लिए लक्ष्य के साथ आगे बढ़ना होता है'

किशनगढ़ बास । मेवात के 25 गांवों में बालिका शिक्षा पर 20 साल से निरन्तर काम कर रही एमिड संस्था की करीब 30 लीडर बालिकाओं ने अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक जया सिंह के साथ संवाद कर सपनों को साझा किया। इस मौके पर पुलिस अधिकारी ने बालिकाओं को जीवन में आगे बढ़ने के लिए मोटिवेशन किया और कहा जो सपना देखा है उसको लक्ष्य बनाकर पूरा करोगे तो जरूर सफलता मिलेगी।

संस्था की डिप्टी डायरेक्टर आशा नारंग ने बताया कि पुलिस अधिकारी जया सिंह से मुलाकात के लिए 25 गांवों से पहुंची लीडर बालिकाओं ने खुद का परिचय देते हुए मेवात में शिक्षा पर काम कर रही संस्था के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए सबने अपने अपने सपनों को साझा किया। आगे बढ़ने में आ रही कठिनाई व चुनौतियों का सामना कर जीवन में कैसे आगे बढ़कर सपनों को पूरा किया जाएं इस पर अधिकारी से सुझाव मांगे।

बालिका नुसरत मिर्जापुर ने पुलिस अधिकारी को बताया कि मैने दसवी तक पढाई की है मे शादीशुदा हू मेरे एक बच्चा भी है, मै एमिड से पिछले काफी दिनो से जुडी हुई हू एमिड संस्थान हमारी काफी मदद करती है बालिकाओ को छात्रवृती दिलाती है ,ड्राप आऊट बालिकाओ को शिक्षा की मुख्यधारा से जोडती है , हमको जीवन कोशल के सत्र देती है जिससे हमको काफी मदद मिलती है।

ऐसे ही सनोबर ने बताया कि एमिड की वजह से मुझे छात्रवृती मिली जिससे मुझे पढाई मे मदद मिली है। सानिया बाघोडा ने बताया मेरे मा बाप मुझे पढा नही रहे थे।

आज मैं संस्था की वजह से एल एल बी कर रही हू । मेरा सपना है की मैं एक दिन बडी वकिल बनू ओर गरीबो की सेवा करू। एमिड संस्था की ओर से ऐसे प्रयास समय समय पर अधिकारियों से अनुभव साझा कराने के लिए किए जाते हैं जिससे बालिकाओं को आगे बढ़ाने में मदद मिल सके।

इस दौरान एमिड संस्थान के सचिव नूर मोहम्मद ने अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक को बताया कि हमारी संस्थान सन 2005 से मेवात क्षैत्र मे बालिका शिक्षा को लगातार बढावा देने का काम कर रही है।

गांव गांव मे हमने लीडर बालिका बना रखी है जो बालिका शिक्षा से जोडने मे मदद करती है। संस्थान की तरफ से किशोरीयो को उनके जीवन मे आने वाली चुनोतियो से निपटने हेतू उनको जीवन कोशल के सत्र दिया जाता है। जिससे मेवात में शिक्षा के प्रति जागरूकता आई है। इस मोके पर समुदाय समनवंयक जुमर खान , पी सी जगत , एम आई कोडिनेटर शहनाज, हारून मोजूद रहै।

एडीशनल एसपी जया सिंह से मुलाकात कर अनुभव साझा करने पहुंची मेवात की बालिकाएं।

■ मेवात में 20 साल से शिक्षा पर काम कर रही एमिड संस्था की 25 गांवों की 30 बालिकाओं ने एडीशनल एसपी जया सिंह से मुलाकात कर अनुभव साझा किया

लालसोट के होनहारों ने 12वीं रिजल्ट में नया इतिहास रचा

लालसोट। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा कक्षा 12वीं के आर्ट्स, कॉमर्स और साइंस तीनों संकायों का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने परिणाम जारी किया। इस वर्ष परिणामों में पिछले साल की तुलना में हल्की गिरावट दर्ज की गई है, जिससे शिक्षा जगत में चर्चा तेज हो गई है।

आंकड़ों पर नजर डालें तो आर्ट्स संकाय का परिणाम 97.54 प्रतिशत रहा, जो पिछले वर्ष 97.78 प्रतिशत था। कॉमर्स का परिणाम 98.50 दर्ज हुआ, जबकि गत वर्ष यह 99.07 प्रतिशत था। वहीं साइंस संकाय का परिणाम 97.52 प्रतिशत रहा, जो पिछले वर्ष 98.43 प्रतिशत था। इस वर्ष 12वीं की परीक्षाएं 11 मार्च को समाप्त हुई थीं, जिनमें कुल 9,10,009 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। खास बात यह रही कि बोर्ड के इतिहास में पहली बार मार्च माह में ही परिणाम घोषित कर दिया गया। गिरावट के बीच लालसोट के छात्रों का जलवा

जहां एक ओर पूरे प्रदेश में परिणामों में गिरावट देखने को मिली, वहीं लालसोट क्षेत्र के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय श्यामपुरा कलां के छात्र अमित कुमार मीणा ने 99.20 प्रतिशत अंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। वहीं विज्ञान संकाय में इशीता शर्मा, पुत्री संदीप शर्मा (निवासी लालसोट) ने 98.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शानदार उपलब्धि हासिल की।

नेहा मीणा ने 95 प्रतिशत, दीपाली शर्मा (ककराला) ने 94 प्रतिशत और तनीषा सैन (लालपुरा) ने 93.20 प्रतिशत अंक हासिल कर यह साबित कर दिया कि बेटियां हर क्षेत्र में आगे हैं। परिणामों में हल्की गिरावट जरूर दर्ज हुई है।

कला व वाणिज्य में छात्राएं अव्वल

फुलेरा। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर द्वारा उच्च माध्यमिक परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। परिणामों में फुलेरा क्षेत्र के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र का नाम रोशन किया है। साइंस संकाय के छात्र चिंटू जांगिड़ ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शानदार सफलता हासिल की।

कोटपूतली-बहरोड़ में जयपुर रेंज आईजी का आकस्मिक दौरा

कोटपूतली। जयपुर रेंज आईजी राहुल प्रकाश जिला कोटपूतली-बहरोड़ के आकस्मिक दौरे पर रहे। इस मौके पर उनका जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एसपी सतवीर सिंह ने पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया। इस दौरान आईजी राहुल प्रकाष द्वारा जिले के पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित कर ऑपरेशन एन्टी वेनम पर अधिक से अधिक कार्यवाही करने हेतु दिशा-निर्देश दिये गये। साथ ही "एक काम-बच्चों के नाम" के ध्येय को ध्यान में रखते हुये अवैध मादक पदार्थों के विरूद्ध कार्यवाही जारी रखने के निर्देश दिये। वहीं सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों को लेन में चलने हेतु प्रभावी कार्यवाही करने व पुलिस वाहनों पर लेन ड्राईव का स्टीगर/एलईडी फ्लैक्स लाईट लगाकर वाहन चालकों/आमजन को जागरूक करने हेतु निर्देशित किया गया। नवीन आपराधिक कानून की प्रभावी क्रियान्वित के संबंध में निर्देश दिये गये। जिले में अपराध नियंत्रण एवं कानून-व्यवस्था के संबंध में विस्तार से चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये ।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान संपन्न

निवाई। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश व जिला संगठन के निर्देशानुसार भाजपा डांगरथल मण्डल के तत्वावधान में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के तहत मंडल अध्यक्ष केदार दोहण के नेतृत्व प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य वक्ता भाजपा जिला महामंत्री विष्णु शर्मा, जिला सोशल मीडिया प्रभारी गणेश सैनी, मंडल अध्यक्ष केदार दोहण, डांगरथल मंडल प्रभारी रतनदीप गुर्जर, वक्ता सूरज्ञान गुर्जर व महिला मोर्चा अध्यक्ष कैलाशी देवी गुर्जर सहित अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। मुख्य वक्ता जिला महामंत्री विष्णु शर्मा ने कहा कि भाजपा देश की सबसे बडी पार्टी है। इसकों मजबूत बनाने में युवाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं है बल्कि एक जीवंत विचार है। जिला सोशल मीडिया प्रभारी गणेश सैनी ने कहा कि भाजपा की मंशा है कि सरकारी योजनाओं का प्रत्येक व्यक्ति को लाभ मिले।

उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए कार्यकर्ता में एकजुट हो। अध्यक्ष केदार दोहण ने कहा कि कार्यकर्ता संगठन की रीढ होता है। जिसको संगठन में सम्मान मिलना चाहिए। प्रशिक्षण में मंडल महामंत्री रामकरण गुर्जर, शक्ति केंद्र संयोजक भरतसिंह राजावत, गजानन्द खटीक, मंडल उपाध्यक्ष कालूराम लुनिया, रमेशसिंह कोठारी, मंडल मीडिया प्रभारी रामप्रसाद आकोडिया, राकेश हनोतिया, श्योजीराम आकोडिया, लालाराम नेकाडी, श्रवण जोधपुरिया व राधामोहन जांगिड़ सहित कई पदाधिकारियों ने बूथ प्रबंधन एवं बूथ स्तरीय कार्यक्रमों को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ विस्तृत चर्चा की और संगठन की मजबूती पर जोर दिया।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण शिविर में चर्चा करते हुए भाजपा के कार्यकर्ता।

■ भाजपा देश की सबसे बडी पार्टी- विष्णु शर्मा

मंदिर से आज निकाली जाएगी झांकी

किशनगढ़ बास। तुम रक्षक काहू को डर ना, आपन तेज सम्हारो आपै, तीनों लोक हांक ते कांपे जैसे जयघोषों के बीच संकटमोचन हनुमान जी महाराज के जन्मोत्सव की तैयारियां जोरों पर हैं, लेकिन इस बार आयोजन से पहले गैस सिलेंडर की किल्लत ने हनुमान भक्तों की चिंता बढ़ा दी है।

बताया जा रहा है कि 2 अप्रैल को आयोजित होने वाले भंडारे के लिए आयोजकों को लाख प्रयासों के बावजूद गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। एजेंसी संचालकों ने प्रशासनिक सख्ती का हवाला देते हुए हाथ खड़े कर दिए हैं। ऐसे में आयोजक असमंजस में हैं कि भंडारे की व्यवस्था कैसे की जाए। विडंबना यह है कि जिस प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत घर-घर गैस पहुंचाकर लकड़ी के धुएं से मुक्ति दिलाने की पहल की गई थी, आज उसी के दौर में सिलेंडर न मिलने से हनुमान भक्तों को प्रसाद के लिए फिर से लकड़ी की भट्टियों का सहारा लेना पड़ रहा है। आयोजकों का कहना है कि भंडारे में हजारों लोगों के लिए भोजन तैयार किया जाता है, जिसके लिए बड़ी संख्या में गैस सिलेंडर की आवश्यकता होती है।

विधिक शिविर में छात्रों को साइबर अपराध की जानकारी दी

टोंक। निवाई में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश दिनेश कुमार के सानिध्य में एक विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर का उद्देश्य छात्रों को उनके अधिकारों, कर्तव्यों और साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करना था। शिविर के दौरान, छात्रों को फिशिंग, ऑनलाइन फ्रॉड, पहचान की चोरी, साइबर स्टॉकिंग और डिजिटल अरेस्ट सहित साइबर अपराध के विभिन्न पहलुओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्हें इन अपराधों से बचाव के उपाय भी बताए गए सार्वजनिक वाई-फाई से बचना और व्यक्तिगत जानकारी साझा न करना शामिल था। प्रतिरक्षा अधिवक्ता बुधराम चौधरी ने छात्रों को राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को किसी भी प्रकार की ऑनलाइन धोखाधड़ी या साइबर अपराध की स्थिति में तुरंत शिकायत दर्ज कराने और साइबर सेल की वेबसाइट पर रिपोर्ट करने के लिए प्रेरित किया।

सेशन न्यायाधीश के सानिध्य में शिविर का आयोजन किया।

■ छात्रों को फिशिंग, ऑनलाइन फ्रॉड, साइबर स्टॉकिंग और डिजिटल अरेस्ट सहित साइबर अपराध के के बारे में जानकारी दी

सौम्या ने 12वीं कला वर्ग में हासिल 97 प्रतिशत किए

कोटपूतली। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान द्वारा मंगलवार को जारी किए गए 12वीं कला वर्ग के परीक्षा परिणाम में कोटपूतली की प्रतिभावान छात्रा सौम्या शुक्ला ने अपनी उत्कृष्ट उपलब्धि से शहर, परिवार और विद्यालय का मान बढ़ा दिया है। सौम्या शहर के गोविंद विहार कॉलोनी निवासी पत्रकार बालकृष्ण शुक्ला और बिंदु शुक्ला की पुत्री हैं। सौम्या ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर न केवल अपने परिवार का नाम रोशन किया, बल्कि जिले की मेधावी छात्राओं में भी अपना स्थान पक्का किया। सौम्या ने वर्ष 2024 में दसवीं में भी लगभग 96 प्रतिशत अंक हासिल किए थे। शिव सरस्वती उच्च माध्यमिक विद्यालय की छात्रा सौम्या ने बताया कि उसकी यह उपलब्धि पूरी तरह शिक्षकों के मार्गदर्शन, खुद के अनुशासन, नियमित अध्ययन और आत्मविश्वास का परिणाम है। विशेष बात यह है कि सौम्या ने यह सफलता बिना किसी कोचिंग या ट्ययूशन के हासिल की। सामान्य दिनों में वह रोज 3 से 4 घंटे पढ़ाई करती थी, जबकि परीक्षा के दिनों में अध्ययन समय बढ़कर 6 से 8 घंटे तक हो जाता था। सौम्या के पिता बालकृष्ण शुक्ला पेशे से पत्रकार हैं और माता बिंदु शुक्ला गृहणी। सफलता की राह में गुरुजनों के मार्गदर्शन के साथ-साथ ताऊजी स्वतंत्र पत्रकार आनंद पंडित, दादी सावित्री देवी, छोटी बहन रिया शुक्ला और भाई प्रियांशु शुक्ला का भी उसे भरपूर सहयोग और उत्साहवर्धन मिला। आगे भविष्य की योजनाओं को लेकर सौम्या ने बताया कि वह आने वाले समय में सिविल सर्विसेज की तैयारी करेगी और प्रशासनिक सेवा में अपना योगदान देना चाहती है।

इधर, परिणाम घोषित होने के बाद विद्यालय में खुशी का माहौल देखने को मिला। स्कूल के निदेशक बद्रीप्रसाद शर्मा, कार्यकारी निदेशक हृदेश शर्मा, डॉ.घनेश गौड तथा अन्य शिक्षकों ने सौम्या शुक्ला का गर्मजोशी से स्वागत कर सम्मानित किया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी। सौम्या की इस सफलता ने एक बार फिर साबित किया है कि लगन, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

उड़ान टीम एवं जन सेवा समिति ने पावटा में 'परिंडा अभियान' का शुभारंभ किया

पावटा। गर्मी के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए बेजुबान पक्षियों की प्यास बुझाने के उद्देश्य से उड़ान टीम एवं जन सेवा समिति द्वारा चलाए जा रहे 'परिंडा अभियान' का शुभारंभ महंत श्री मंगलदास महाराज ने किया।

इस अवसर पर भरतदास जी की बगीची में 11 परिंडे लगाकर अभियान की विधिवत शुरुआत की गई। उड़ान टीम के संयोजक व पूर्व पंचायत समिति सदस्य भाई हरिद्वारीलाल स्वामी ने बताया कि टीम द्वारा हर वर्ष गर्मी के मौसम में पक्षियों के लिए परिंडे लगाए जाते हैं।

इस बार भी क्षेत्र में भीषण गर्मी को देखते हुए 501 परिंडे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। साथ ही टीम के कार्यकर्ताओं को इन परिंडों में नियमित रूप से पानी भरने व उनकी देखभाल की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

महंत मंगलदास जी महाराज ने अभियान की सराहना करते हुए कहा कि बेजुबान जीवों की सेवा सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। उन्होंने सभी लोगों से अपील की कि वे इस तरह के सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लें, ताकि कोई भी पक्षी प्यास के कारण अपनी जान न गंवाए। कार्यक्रम के दौरान भागीरथ, बंसी पंच, रामकरण मासी, भोले शंकर शर्मा, राजू शर्मा सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे। सभी ने उड़ान टीम के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा करते हुए टीम का आभार व्यक्त किया।

उड़ान टीम ने बताया कि यह अभियान पूरे गर्मी के मौसम में लगातार जारी रहेगा और अधिक से अधिक स्थानों पर परिंडे लगाकर पक्षियों को राहत पहुंचाई जाएगी।

'परिंडा अभियान' का शुभारंभ महंत श्री मंगलदास महाराज ने किया।

■ 501 परिंडे लगाने का लक्ष्य

आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आराजी खाता नं. **5/133, 111/50, 6/134, 113/51, 12, 153/31, 112/72** जिनके खसरा नं. **125, 165/1, 165/2, 167, 168, 70, 113, 75, 124, 169, 103, 491 ग्राम श्रीरामपुरा पंचायत हल्का पटवारी लाखना तहसील सांगानेर जिला जयपुर** विवादित कृषि भूमि है जिसके बाबत् मुकदमा मेरे अभिभाष्य **श्री राधेश्याम शर्मा वगैराह बनाम अन्य** के मध्य माननीय राजस्व अपील अधिकारी, जयपुर के यहां लम्बित है। उपरोक्त खसरा नम्बरान को **श्री लल्लू नारायण, संजय कुमार एवं श्रीमती गैंदी देवी** बेचान करना चाहते है। धूर्वि, मुकदमा अभी चल रहा है जिससे बेचान करना कानूनन अवैध है। अत: कोई भी व्यक्ति या संस्था किसी प्रकार की क्रय, हस्तान्तरण, रहन आदि की कार्यवाही नहीं करें। सूचित रहे।
भवदीय
सीताराम खाण्डल, एडवोकेट
मो. 9414719041

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकार कम्पनी मै.आधार हाऊसिंग फाई.लि. शाखा अलवर के समक्ष श्री विशन सिंह शेखावत पुत्र हितेन्द्र सिंह शेखावत, निवासी 5/81, काला कुंआ, हाऊसिंग बोर्ड अलवर द्वारा एक सम्पत्ति जो कि मकान नं. 5/42, साउथ वेस्ट ब्लॉक काला कुंआ, हाऊसिंग बोर्ड अलवर में स्थित है को रहन रखकर ऋण हेतु आवेदन किया है।
वर्णित बंधक रहने हेतु सम्पत्ति को आवंटन पत्र, कब्जा पत्र जो कि राजस्थान आवासय मंडल अलवर द्वारा पदम चंद भाटिया को प्रदान किये गए थे इसके पश्चात संपत्ति की कन्वेस डीड दिनांक 31/03/2025 को रा.आ.मंडल द्वारा पदम चंद भाटिया को पंजीकृत करवाई गई जिसका पंजीयन क्रमांक 2005000225 पर चस्पा है इसके इस क्रम मे संपत्ति की परपीचुल लीज भी पंजीकृत करवाई गई जो कि पंजीयन क्रमांक 2005000224 पर चस्पा है इसके पश्चात संपत्ति का बेचान पदम चंद भाटिया द्वारा विशन सिंह शेखावत को विक्रय पत्र पंजीयन सं. 202403069103034 के माध्यम से बेचान किया गया।
इसके पश्चात रा.आ.मंडल अलवर द्वारा संपत्ति का नाम परिवर्तन 1188/776 दिनांक 26/09/2024 पत्र के माध्यम से विशन सिंह शेखावत को किया गया। उपरोक्त विवरण में आवंटन पर कब्जा पत्र कन्वेस डीड परपीच्युल लीज भी गुम हो गई है अतः किसी दीगर को खोये हुए दस्तावेजों के संबंध मे एवं ऋण व्यवहार के संबंध मे आपत्ति हो तो मुझे 7 दिवस मे सूचित करें। मियाद गुजरने के बाद आपत्ति स्वीकार नहीं कि जाएगी।
विजय यादव, 3/545 काला कुंआ, हाऊसिंग बोर्ड, अलवर (राज.)
मो.-9950838002 / 8233468592

नाम परिवर्तन
मैं, वैदिक (VAIDIK), निवासी 86/180, सेक्टर-8, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर (राजस्थान), स्वयं घोषित करता हूँ कि मैंने अपना नाम वैदिक (VAIDIK) से बदलकर वैदिक मलिक (VAIDIK MALIK) कर लिया है। भविष्य में सभी अभिलेखों में यही नाम मान्य होगा।

मैं, वैदांगी (VAIDANGI), निवासी 86/180, सेक्टर-8, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर (राजस्थान), स्वयं घोषित करती हूँ कि मैंने अपना नाम वैदांगी (VAIDANGI) से बदलकर वैदांगी मलिक (VAIDANGI MALIK) कर लिया है। भविष्य में सभी अभिलेखों में यही नाम मान्य होगा।

आम सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्लाट नम्बर ए 179 श्री दादू दयाल नगर ए, ग्राम कल्याणपुरा तहसील सांगानेर जिला जयपुर जिसका कुल एरिया 266.66 वर्गगज है का पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर मालिक जुगल किशोर शर्मा एचयूएफ कर्ता जुगल किशोर शर्मा था । जुगल किशोर शर्मा का निधन दिनांक 21.08.2012 को हो गया जिसका निधन होने के उपरान्त उक्त एचयूएफ का कर्ता भुवनेश किशोर शर्मा होना बताया गया है। जुगल किशोर शर्मा एचयूएफ के कॉपासनर्स में पुत्रगण बृजेश किशोर शर्मा, गोपेश किशोर शर्मा एवं पत्नी श्रीमती शान्ति देवी शर्मा एवं पुत्री कृष्णा शर्मा है इसके अलावा अन्य कोई कॉपासनर्स नही है तथा उक्त सभी ने भुवनेश किशोर शर्मा को जुगल किशोर शर्मा एचयूएफ का कर्ता बनाये जाने मे किसी प्रकार का कोई एतराज नही बताया है तथा सभी ने उक्त एचयूएफ की सम्पतियों को बेचान किये जाने के लिये भुवनेश किशोर शर्मा को अपना मुखत्यारआम नियुक्त किया है तथा अब जुगल किशोर शर्मा एचयूएफ जरिये कर्ता भुवनेश किशोर शर्मा ने उपरोक्त सम्पत्ति को बेचान किये जाने के लिये इकरार किया है तथा एचडीएफसी बैंक से लोन लिया जाना है यदि इसमें किसी भी व्यक्ति, वित्तीय संस्था अथवा बैंक आदि को कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस के अन्दर अद्योहस्ताक्षरकर्ता के पास लिखित में मय सबूत सम्पर्क करे अन्यथा बाद गुजरने मियाद आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।
सतीश चन्द्र गुप्ता (एडवोकेट)
मो. 9414056003
87 प्रभात कॉलोनी, विजयबाडी पथ
नम्बर 07 सीकर रोड जयपुर

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2026/2067
चूंकि प्रार्थी श्री BABU LAL SHARMA, LAMBA KI DHANI, DAHMI KALAN, JAIPUR, RAJASTHAN ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास श्री राधा गोविन्द गौशाला समिति DAHMI KALAN, TEHSIL - SANGANER, JAIPUR के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 27.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 05.06.2026
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2026/2089
चूंकि प्रार्थी श्री RAJESH KUMAR BHARDWAJ, 32 A, PRATAP NAGAR, OLD RAMGARH MOD, JAIPUR ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास स्नेह फाउंडेशन 32 A, PRATAP NAGAR, OLD RAMGARH MOD, JAIPUR के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 30.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 08.06.2026
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2026/2072
चूंकि प्रार्थी श्री ARUN KUMAR GANGWAL, B 34, SUBHASH NAGAR NEAR SHASTRI NAGAR JAIPUR ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास SAMUDAYIK KENDRA SUBHASH NAGAR PRABANDH SAMITI JAIPUR, SAMUDAYIK KENDRA SUBHASH NAGAR SHOPING CENTER JAIPUR के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 30.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्य